दिनांक 27.04.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ मिशन अमृत के अंतर्गत एक स्टैंडबाई ट्रांसफार्मर को लगाने के दौरान शिवनाथ इंटकवेल में एक मोटर ट्रीप हो जाने के कारण पानी सप्लाई कुछ क्षेत्रों में प्रभावित हो गया था जिसे सुधार कर पानी सप्लाई प्रारम्भ कर दिया गया है। कार्यपालन अभियंता जलकार्य टी 0के0 रणदिवे ने बताया कि दोनों मोटर पंप के माध्यम से जल प्रदाय का कार्य शुरू कर दिया गया है देर रात तक सभी क्षेत्रों के ओवरहेड टैंक में पानी पहुंच जाएगा!

बता दें कि शिवनाथ इंटकवेल में दो मोटर से पानी सप्लाई की जा रही है एक मोटर ट्रीप होने के कारण दूसरे मोटर से पानी सप्लाई विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर जारी रहा !

आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने मोटर ट्रिप हो जाने के कारण सभी जोन के प्रभावित क्षेत्रों में पानी टैंकरों के माध्यम से जल प्रदाय करने हेतु निर्देशित किया गया! मोटर को फिर से चालू करने के लिए विशेषज्ञ द्वारा नये सिरे से पूरे सिस्टम को निरीक्षण करते हुए सुधार कार्य किया गया जिससे जल प्रदाय पुनः प्रारंभ कर दिया गया है।

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''